सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 230 इंदौर, गुरुवार 06 मार्च, 2025 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

खौफनाक हत्याकांड

## मटन के लिए पत्नी का मर्डर, बचने के लिए भागी तो पैर तोड़े

### रेंगकर जाने लगी तो कुचल दिया सिर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी। मध्यप्रदेश के खंडवा जिले में दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। पति ने खाना बनाने के मामूली विवाद में अपनी पत्नी की खौफनाक तरीके से हत्या कर दी।**

जानकारी के अनुसार मामला जावर थाना के भकराड़ा गांव का है। यहां खेत में बने अपने घर में पति-पत्नी पार्टी मना रहे थे। पत्नी चूल्हे पर मटन बना रही थी। जिसे बनने में देरी हुई तो पति को गुस्सा आ गया, और वह पत्नी को गालियां देने लगा। इस पर पत्नी ने भी नाराजगी जताई। पत्नी को विरोध करता देख, गुस्साए पति ने उसे लाठी और पत्थर से तब तक पीटा, जब तक की उसकी जान नहीं चली गई। यही नहीं, पत्नी की हत्या करने के बाद यह हत्यारा पति रातभर पत्नी के पास ही सोया रहा। अगले दिन यह हत्यारा पति सुबह उठा, और खून से सने कपड़ों में ही, पास ही रह रहे अपने रिश्तेदारों के पास पहुंचा। जहां उसने उन्हें पत्नी चंपा बाई को मार डालने की बात बताई। मामले की जानकारी मिलते ही जावर पुलिस मौके पर पहुंची और फिलहाल हत्यारे पति नागेंद्र तोमर को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। खंडवा एसपी मनोज कुमार राय ने बताया कि जावर थाना के भकराड़ा गांव में रहने वाले नागेंद्र तोमर के द्वारा उसकी 35 वर्षीय पत्नी चंपा बाई की हत्या करने की जानकारी मिली थी। आरोपी नागेंद्र को हिरासत में ले लिया गया है, वहीं उसके घर के अंदर पत्नी चंपा का शव लहूलुहान हालत में पड़ा मिला था। पूछताछ में मालूम चला है कि मृतक के पति नागेंद्र ने ही लोहे के पाइप, लकड़ी और पत्थर से अपनी पत्नी चंपा के सिर, मुंह और कमर में वार किए थे। घाव से खून अधिक बहाने के चलते चंपा की मौत हो गई।

ग्रामीणों ने बताया कि नागेंद्र खेत में मकान बनाकर रह रहा था। उसके दोनों बच्चे नाना-नानी के घर भकराड़ा गांव में रह रहे हैं। नागेंद्र और चंपा मटन बनाकर घर में ही पार्टी कर रहे थे, लेकिन मटन पकने में देर हो गई। नागेंद्र को भूख बर्दाश्त नहीं हो रही थी। उसने पत्नी को गालियां देना शुरू कर दिया। ये बात चंपा को अच्छी नहीं लगी। उसने विरोध किया। पत्नी का विरोध देख नागेंद्र को इस कदर गुस्सा आया कि उसने पहले लोहे के पाइप, फिर लाठी और ईंट-पत्थरों से भी चंपा पर कई वार किए। जिससे उसकी मौत हो गई। इधर नागेंद्र के घर में दीवार और फर्श पर खून के निशान मिले हैं। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि चंपा ने नागेंद्र से बचने का काफी प्रयास किया होगा। यही नहीं, जब चंपा जान बचाने के लिए घर से भाग रही होगी, तब नागेंद्र ने उसके पैर तोड़ दिए। फिर जब वह रेंगकर जाने लगी, तो पत्थर मार-मारकर उसका सिर भी कुचल दिया और कमर तोड़ दी। उधर घटना के बाद चंपा के परिजन ने पोस्टमार्टम रूम के बाहर हंगामा किया।

# स्कूलों में छात्रों को पीट नहीं सकेंगे शिक्षक

## शारीरिक दंड देने पर पूर्ण पाबंदी, निर्देश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। प्रदेश में छात्रों को शारीरिक दंड देने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाते हुए राज्य सरकार ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सभी शासकीय और अशासकीय शिक्षण संस्थानों में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए। साथ ही, दोषी शिक्षकों और विद्यालयों पर सख्त अनुशासनात्मक और कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम, 2009 की धारा 17(1) के अंतर्गत छात्रों पर शारीरिक या मानसिक प्रताड़ना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। धारा 17(2) के अनुसार, ऐसा करने पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इसके अलावा, भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 323 के तहत भी शारीरिक दंड प्रतिबंधित है और यह एक दंडनीय अपराध है।**



### शिक्षा विभाग करेगा सख्त निगरानी

प्रदेश के सभी जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस प्रकार की घटनाओं की निगरानी करें और यदि किसी विद्यालय में छात्र को शारीरिक दंड देने का मामला सामने आता है तो तत्काल कार्रवाई करें। आदेश में यह भी कहा गया है कि ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं और छात्रों के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा या भेदभाव को पूरी तरह रोका जाए।

# नर्मदा बेसिन से जुड़े सभी प्रोजेक्ट्स में गति लायें : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नर्मदा बेसिन से जुड़े प्रोजेक्ट्स के क्रियान्वयन में और तेजी लाई जाए। जिससे कि सभी क्षेत्रों में किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल मिले। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड के संचालक मंडल की 32वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी किसानों के खेतों में टेल एंड तक पानी पहुंचाने की समुचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कम्पनी की



कार्य-प्रणाली और भविष्य की योजनाओं पर विमर्श किया, जिससे क्षेत्र में विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सके। बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव एवं नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक डॉ. राजेश राजौरा, संचालक श्री हिरदाराम चौहान सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

बैठक में कम्पनी के प्रबंध संचालक डॉ. राजौरा ने कम्पनी की प्रगति, वर्तमान में चल रही परियोजनाओं की मौजूदा स्थिति और आगामी योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को नर्मदा क्षिप्रा लिंक बहुउद्देशीय परियोजना का कार्य अंतिम चरण में होने की जानकारी देते हुए कंपनी के एम.डी. डॉ. राजेश राजौरा ने बताया कि खण्डवा जिले में उद्वहन सिंचाई परियोजना और धार जिले में भी एक बड़ी परियोजना का भूमि-पूजन प्रस्तावित है। बैठक में विभिन्न मुद्दों एवं विकास योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि इस वर्ष नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड द्वारा क्षेत्रीय विकास एवं बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए सभी प्रस्तावित योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए और अधिक तेज व प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।

# किसानों के लिए अब जागी कांग्रेस जीतू पटवारी करेंगे गांवों का दौरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। आउटर रिंग रोड के लिए किए जा रहे सर्वे का विरोध करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े भारतीय किसान संघ ने इसे रुकवा दिया था। अब कांग्रेस ने इस मुद्दे को उठाते हुए प्रभावित गांवों के किसानों तक पहुंचने के लिए पदयात्रा निकालने की योजना बनाई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी खुद इस यात्रा का नेतृत्व करेंगे और आठ दिनों तक इंदौर के प्रभावित क्षेत्रों में पदयात्रा करेंगे। जब आउटर रिंग रोड का सर्वे किया जा रहा था, तब प्रभावित गांवों के किसानों ने इसका जबरदस्त विरोध किया। भारतीय किसान संघ ने किसानों के साथ मिलकर नेशनल हाईवे के अधिकारियों को किसी भी गांव में सर्वे करने से रोक दिया। यहां



तक कि प्रशासन को कलेक्टर कार्यालय पर हुए धरने के बाद यह आश्वासन देना पड़ा कि जब तक मुख्यमंत्री से बातचीत नहीं हो जाती, तब तक सर्वे नहीं होगा। इस आश्वासन के बाद सर्वे कार्य पूरी तरह रोक दिया गया।

अब कांग्रेस इस मुद्दे पर सक्रिय हो गई है और किसानों के बीच जाकर सरकार की नीतियों का विरोध कर रही है। आउटर रिंग रोड प्रोजेक्ट के तहत धार जिले के पांच गांव, देपालपुर तहसील के 16 गांव और सांवेर तहसील के 18 गांव प्रभावित हो रहे हैं। इनमें से देपालपुर तहसील का 35 किलोमीटर और सांवेर तहसील का 37 किलोमीटर का हिस्सा इस परियोजना में शामिल है। जीतू पटवारी इन सभी गांवों में पदयात्रा करेंगे। इसके अलावा, पूर्वी रिंग रोड भी इस पदयात्रा का हिस्सा होगी। यह रोड पीर कराड़िया गांव से शुरू होकर नेटरेक्स तक फैली हुई है। इस क्षेत्र में चार केंद्र बनाए गए हैं, जहां हर सेंटर से 200 बीघा जमीन अधिग्रहित की जानी है। बेटमा खुर्द को भी एक केंद्र बनाया गया है। इस पूरे क्षेत्र की कुल लंबाई 77 किलोमीटर है, जिसे चार दिन में कवर किया जाएगा।

### पदयात्रा का कार्यक्रम

- पदयात्रा को लेकर कांग्रेस ने विस्तृत शेड्यूल तैयार किया है।
- हर दिन सुबह नाश्ते के बाद पदयात्रा शुरू होगी।
- दिन में किसी गांव में रुककर भोजन किया जाएगा।
- शाम को जिस स्थान पर यात्रा रुकेगी, वहां पर सभा का आयोजन होगा।
- इस दौरान कांग्रेस के नेता किसानों से मिलकर सरकार के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाएंगे।
- जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव के अनुसार, यह यात्रा 10 मार्च तक तय की गई है और होली के बाद इसे आगे बढ़ाया जा सकता है।

### कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर आरटीओ ने की वाहनों पर की कार्रवाई

## 16 वाहनों से वसूला 51 हजार रुपए का जुर्माना




### ◆ बिना परमिट चल रही एक ट्रेवलर जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों, बसों, स्कूल वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। आज पिपल्याहाना चौराहे पर इंदौर-खंडवा, इंदौर-देवास रूट की बसों की सघन चेकिंग की गई, जिसमें वाहनों के फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र आदि चेक किये गए। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की गई। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि इस दौरान 40 से अधिक बसों की जांच की गई। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों के साथ ही लोक परिवहन वाहनों में विभिन्न कमियां पाए जाने पर 16 से अधिक वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। इस दौरान वाहनों से 51 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। साथ ही एक ट्रेवलर वाहन को बिना परमिट संचालित होने पर जब्त किया गया। लोगों को अपने वाहनों पर एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया गया। वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की गई।

### सैनिक सम्मेलन 11 मार्च को

**इंदौर।** जिले के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, सैनिकों की विधवाओं एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण के लिए सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, जयरामपुर कालोनी, इंदौर के सभागार में 11 मार्च 2025 को प्रातः 11.30 बजे से आयोजित होगा। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला सैनिक कल्याण अधिकारी इंदौर कमांडर नगेश चंद्र मालवीय (से.नि.) करेंगे। इंदौर तथा आसपास के क्षेत्रों में निवासित सभी पूर्व सैनिकों, वीरनारियों, विधवाओं एवं आश्रितों से आग्रह किया गया है कि इस आयोजन में सम्मिलित होकर अपनी शिकायत एवं समस्याओं का निराकरण करवायें। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों हेतु संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

### अवैध गैस गोडाउन पर खाद्य विभाग की बड़ी छापामार कार्रवाई

# गैरेज में अवैध रुप से संचालित गैस गोडाउन को किया गया सील

### ◆ बड़ी मात्रा में गैस सिलेंडर किये गए जप्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शहर में कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में खाद्य विभाग के अमले ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संचालित गैस गोडाउन पर छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान गैरेज में संचालित अवैध गैस गोडाउन को सील किया गया और बड़ी मात्रा में संग्रहित गैस सिलेंडर जप्त किये गए।

जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू ने बताया कि



लगातार शिकायत मिल रही थी कि पीथमपुर रोड विश्वास नगर चौपाटी तहसील महू में गैरेज में अवैध रूप से गैस गोडाउन संचालित है। आज खाद्य विभाग के अमले द्वारा छापामार कार्रवाई की गई। बताया गया कि पीथमपुर से अवैध गैस सिलेंडर लाकर गोदाम में ले जाकर गैराज में भंडारित करते थे। यह आमजन की सुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक था। कार्रवाई के दौरान मौके पर महू की दो गैस एजेंसी भारत गैस सर्विस आईओसी एवं गैस ओ महू एचपीसीएल के संचालकों द्वारा बनाये गए गैस सिलिंडर के अवैध भंडारण गोडाउन एवं वितरण केंद्र से 2 लोडिंग ऑटो एवं गोडाउन में 14.2 किलोग्राम के घरेलू गैस सिलेंडर संग्रहित कर अवैध कारोबार करना पाए जाने पर दोनों वाहन एवं गोडाउन में पाए गए 14.2 किलोग्राम के 120 नग एचपी गैस के एवं 50 नग आईओसी के साथ ही 4 नग 5 किलोग्राम के गैस सिलेंडर को जप्त किया गया। गोदाम मालिक तेहरीम मेहर के मामा निज़ाम खान द्वारा उक्त गोदाम किराये पर दोनों गैस एजेंसी को देना बताया गया है। गैरेज को सील कर आगामी कार्रवाई जारी है।

### 3 साल की बच्ची को मिला न्याय...

## दुष्कर्मी को आजीवन कारावास की सजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **तीन साल की दुष्कर्म पीड़िता बच्ची से आखिरकार न्याय मिल ही गया। दुष्कर्म के दोषी को स्थानीय अदालत ने कठोर आजीवन करावास सजा सुनाई है। इसी के साथ उस पर 12 हजार का अर्थदंड भी लगाया है।**

मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के महू स्थित चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश ने मंगलवार ने यह सजा घटना के लगभग साढ़े सात माह में सुनवाई पूरी करते हुए सुनाई है। राज्य सरकार को मानसिक व शारीरिक क्षतिपूर्ति के लिए पीड़िता को 2 लाख रुपये देने का आदेश भी दिया है। विशेष लोक अभियोजक संध्या उइके ने बताया कि 13 जुलाई 2024 को घर के बाहर खेल रही बच्ची को 19 वर्षीय दगडू सिंह कटारा चॉकलेट दिलाने का लालच देकर भेरूलाल पाटीदार कॉलेज के पीछे ले गया। उसके साथ वहां दुष्कर्म किया। उसके बाद बच्ची को घर से कुछ दूर छोड़ भाग गया था। बच्ची के निजी अंग से रक्तस्राव हो रहा था। मां उसको लेकर बड़गोंदा थाने पहुंची। अस्पताल में भर्ती कराया। जांच में पुलिस ने आरोपी का पता लगाकर गिरफ्तार कर लिया। कुछ लोगों ने बताया कि बच्ची को आरोपी को ले जाते हुए देखा था। बच्ची ने भी आरोपी की पहचान की थी।

## शासकीय लेनदेन में आयकर कटौती के संबंध में अधिकारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जिले के सभी शासकीय कार्यालयों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को शासकीय लेनदेन में आयकर कटौती (टीडीएस) के प्रावधानों के संबंध में जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में इसके लिए एक दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में 6 मार्च को आयोजित किया गया है। यह प्रशिक्षण दो सत्रों में आयोजित होगा।

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्रीमती मोनिका कटारे ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का पहला सत्र सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगा। इसमें इंदौर स्थित सभी शासकीय कार्यालयों के आहरण एवं संवितरण अधिकारी शामिल होंगे। दूसरा सत्र दोपहर 12:30 बजे से प्रारंभ होगा। इसमें इंदौर, महू, सांवेर और देपालपुर तहसील क्षेत्र के आहरण एवं संवितरण अधिकारी शामिल होंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष 210 में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी जॉइंट कमिश्नर आयकर संजीव कुमार तथा डिप्टी कमिश्नर आयकर बीजू थॉमस, आयकर अधिकारी सुधीर शर्मा, और आयकर निरीक्षक जयशंकर झा प्रशिक्षण देंगे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम वरिष्ठ आयकर एवं वित्त सलाहकार कैलाश घाटिया के संयोजकत्व में होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को आयकर अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी जाएगी।

# फर्जी डिप्टी कलेक्टर पकड़ाया

## लाल बत्ती की गाड़ी, बंगला और नौकर, कई लोगों को ठगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। डिप्टी कलेक्टर बनकर महाराष्ट्र के ठग ने इंदौर के एक युवक से 1 लाख से अधिक रुपए ठग लिए। इस मामले में एमआईजी पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। आरोपी संकेत चव्हाण ने मंदिर में मिले बीबीए स्टूडेंट सारांश मिश्रा को स्टेनोग्राफर की नौकरी दिलाने के नाम पर रुपए लिए और फिर कई दिनों तक टालमटोल करता रहा।








मामला दो दिन पहले सामने आया था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी को पकड़कर पूछताछ की। टीआई सीबी सिंह ने बताया कि सारांश मिश्रा की शिकायत पर संकेत चव्हाण निवासी स्मार्ट लिविंग पुष्प विहार कॉलोनी खजराना के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया। सारांश ने पुलिस को बताया कि आरोपी संकेत से उसकी पहचान जनवरी 2025 में महालक्ष्मी मंदिर में हुई थी। संकेत लालबत्ती कार से मंदिर आया था। बातचीत में उसने खुद को भोपाल में राजस्व डिपार्टमेंट में अपर कलेक्टर के पद पर पदस्थ होने की बात कही थी। सारांश ने कहा- जब संकेत से मैंने सरकारी जॉब लगवाने का पूछा तो उसने 30 हजार रुपए में काम होने की बात कही। बाद में वह 70 हजार रुपए मांगने लगा। इसके बाद उसने 3 लाख रुपए तक मांगे। शिकायतकर्ता सारांश ने बताया कि वह अपने पिता को लेकर संकेत के बताए पते पर रुपए लेकर पहुंचा। घर के बाहर दरवाजे पर डिप्टी कलेक्टर की नेम प्लेट लगी थी। संकेत ने करीब 1 लाख 10 हजार रूपए 3-4 किश्तों में लिए। बाद में संकेत 3 लाख रुपए मांगने लगा। कुछ डॉक्यूमेंट बनवाए, लेकिन जब उसके डिपार्टमेंट में जांच कराई तो वह फर्जी निकला। शंका होने पर उसके घर पहुंचे तो वहां से नेम प्लेट हटी हुई थी। जब जानकारी निकाली तो पता चला कि संकेत नासिक महाराष्ट्र का रहने वाला है। वहां भी इस तरह की ठगी कर फरार हुआ है। उसके खिलाफ पुलिस में जाने की बात कही तो उसने करीब 40 हजार रुपए दो किश्तों में वापस कर दिए। पुलिस को जानकारी मिली है कि संकेत एसडीएम लिखी कार उज्जैन से लेकर आता है। वहां वह किसी अफसर के ड्राइवर के संपर्क में था। पुलिस अब इस मामले में उज्जैन के ड्राइवर से भी पूछताछ करेगी।

# मंगल सिटी सिनेमा के मालिक पर मामला दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मंगल सिटी सिनेमा के मालिक पर धमकाने और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का मामला दर्ज किया गया है। नगर निगम के सहायक राजस्व अधिकारी ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है।**

जानकारी के अनुसार, नगर निगम अधिकारियों के निर्देश पर सहायक राजस्व अधिकारी महेन्द्र सिंह राठौर (निवासी नंदानगर) बकाया टैक्स वसूलने के लिए मंगल सिटी सिनेमा पहुंचे थे। वसूली टीम ने सिनेमा को 7 दिन का समय दिया और प्रसारण भी बंद करवा दिया था। इसके बाद आंशिक भुगतान किया गया और टीम वापस लौट गई। 1 मार्च की रात सिनेमा मालिक राजेश मंगल ने महेन्द्र सिंह को फोन किया और कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दी। इस घटना के बाद महेन्द्र सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया और अगले दिन थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की जांच के बाद विजयनगर पुलिस ने मंगल सिटी सिनेमा के मालिक राजेश मंगल के खिलाफ धारा 351(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मंगलवार को पुलिस ने इस संबंध में कार्रवाई की। नगर निगम के राजस्व वसूली अभियान के दौरान सरकारी अधिकारियों से की गई अभद्रता और धमकी को लेकर पुलिस अब आगे की जांच कर रही है।

# ठेकेदारों ने पीडब्ल्यू के टेंडर की शिकायत लोकायुक्त से की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यू) में टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए ठेकेदारों ने लोकायुक्त संगठन से शिकायत की है। मंगलवार को की गई इस शिकायत में कहा गया है कि अपूर्व इंटरप्राइजेस को एक टेंडर में अपात्र घोषित किया गया, जबकि उसी कंपनी के दूसरे टेंडर में पात्र बताकर टेंडर जारी कर दिया गया। इसके बाद विभाग ने टेंडर प्रक्रिया निरस्त कर दी है। इतना ही नहीं गड़बड़ी की आशंका के चलते लिपिक को भी विभाग से हटा दिया है। ठेकेदारों का आरोप था कि विभागीय अधिकारियों ने उक्त कंपनी और उसकी सहयोगी कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए यह किया। शिकायत में टेंडर प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों को हटाकर पूरे मामले की जांच करने की मांग की गई है। एक्जीक्यूटिव इंजीनियर मनीष उदैनिया ने कहा कि प्रक्रिया में गड़बड़ी की आशंका के चलते हमने 3 फरवरी को जारी टेंडर प्रक्रिया निरस्त कर दी है।

# श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट में खेल, कला और तकनीकी गतिविधियों का त्रिदिवसीय महोत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस, इंदौर में तीन दिवसीय इंटर-कॉलेज प्रतियोगिता 'प्रबंधोत्सव' का आयोजन किया गया। इस टेक्नो-मैनेजमेंट फेस्ट में विभिन्न प्रतियोगिताएं शामिल की गईं।**



कार्यक्रम में संगीत और नृत्य से लेकर ऑनलाइन गेमिंग तक की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बिजनेस प्लान, साइंस क्विज, फायरलेस कुकिंग, मेंहदी और रंगोली जैसी कलात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। खेल गतिविधियों में क्रिकेट, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन और शूटिंग शामिल थे। भारतीय पारंपरिक खेल गिल्ली डंडा और पिट्ठू को भी महत्व दिया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने उद्घाटन समारोह में स्वस्थ जीवनशैली पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को स्वस्थ रहने के लिए खेल या गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। श्री वैष्णव ट्रस्ट समूह के चेयरमैन श्री पुरुषोत्तम दासजी पसारी ने भारतीय पारंपरिक खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ये खेल मेडिटेशन का काम भी करते हैं। विशेष अतिथि गौरव पहवा ने विद्यार्थियों को सफलता का मंत्र दिया। लोटस इलेक्ट्रॉनिक्स के निदेशक ने कहा कि सपने देखने के साथ-साथ उन्हें पूरा करने के लिए योजना और कड़ी मेहनत जरूरी है।

# रहवासियों की शिकायत पर खुद जांच करने पहुंचे महापौर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एमआईजी कॉलोनी के संजय उद्यान में विकास कार्य चल रहा है। मगर रहवासी यहां के काम से संतुष्ट नहीं थे। इसकी शिकायत लेकर सभी महापौर पुष्यमित्र भार्गव के पास पहुंचे थे। कुछ दिनों पहले रहवासियों ने शिकायत करते हुए महापौर को बताया था कि वे बगीचे में हो रहे विकास कार्यों से संतुष्ट नहीं है जो काम किया जा रहा है वह गुणवत्तापूर्ण नहीं है। रहवासियों से शिकायत मिलने के बाद बुधवार को महापौर भार्गव अचानक ही एमआईजी कॉलोनी स्थित संजय उद्यान पहुंच गए। यहां पूर्व क्षेत्रीय पार्षद चंदू राव शिंदे सहित रहवासी संगठन के लोग भी पहुंचे। रहवासियों द्वारा पूर्व में की गई शिकायत पर महापौर ने खुद पेवर ब्लॉक और सड़क के काम को देखा। महापौर ने उद्यान में जारी विकास कार्यों का स्वयं निरीक्षण किया, लेकिन कार्य की गुणवत्ता देखकर वे असंतुष्ट नजर आए। उन्होंने पेवर ब्लॉक और सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया और पाया कि काम मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा है। इस पर महापौर ने जोनल अधिकारी और उपयंत्री को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि उद्यान में पेवर ब्लॉक लगाने और सड़क निर्माण का कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। साथ ही, कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निगरानी करने को भी कहा।

# किसान से लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** छोटी ग्वालटोली इलाके में किसान से लूट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने लूट की गई नकदी और बाइक बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार, देपालपुर के किसान विनय जाट खरीदारी के लिए इंदौर आए थे। दो दिन पहले जब वह पटेल ब्रिज के पास से गुजर रहे थे, तब सोहन निवासी छत्रीपुरा और उसके साथी कुंदन ने उन्हें लूट लिया और फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें दोनों आरोपी दिखाई दिए। फुटेज के आधार पर टीआई संजू कामले की टीम ने जांच शुरू की और छत्रीपुरा इलाके में पहुंचकर सोहन की पहचान की। पूछताछ में उसने लूट की वारदात कबूल की। पुलिस ने बताया कि सोहन पर पहले भी लूट के मामले दर्ज हैं। फिलहाल, उससे आगे की पूछताछ जारी है और पुलिस यह भी जांच कर रही है कि उन्होंने और कितनी वारदातों को अंजाम दिया है।

### राजवाड़ा क्षेत्र में चलाई गई अतिक्रमण हटाओ मुहिम

# हजारों रुपए का किया गया चालान



**इंदौर।** शहर में यातायात सुधार के लिए कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में अभियान चलाया जा रहा है। सड़कों, फुटपाथ आदि पर सामग्री रख अथवा अतिक्रमण कर यातायात बाधित करने वालों के विरूद्ध इस अभियान के तहत कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर आशीष सिंह ने इंदौर में यातायात को सुगम बनाने के लिये जिला प्रशासन, नगर निगम, यातायात पुलिस आदि अमले के संयुक्त दल गठित किये है। इन दलों द्वारा उक्त कार्रवाई की जा रही है।

इसी सिलसिले में जिला प्रशासन, नगर निगम एवं पुलिस तथा यातायात पुलिस द्वारा यातायात को सुगम बनाने जोन 12 के अंतर्गत गुरुद्वारा चौराहा से राजवाड़ा तक संयुक्त कार्रवाई की गई। सड़क एवं फुटपाथ पर पार्क वाहनों एवं सामान रखने पर 13 हजार रुपये की चलानी कार्रवाई की गई। कुछ जगह से अतिक्रमण हटाया गया एवं सामान जब्त किया गया एवं समझाइश दी गई की गाड़ियां एवं सामान अपने परिसर में रखें। संयुक्त कार्रवाई में एसडीएम श्रीमती प्रियंका चौरसिया, जोनल अधिकारी राहुल सूर्यवंशी, बी.आई. अंकुश चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अतिथि देवो भव: के भाव को किया चरितार्थ

# परोसे गए व्यंजनों का स्वाद और सुगंध विश्व के कोने-कोने में पहुंची

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के पर्यटन व संस्कृति पर केंद्रित सत्र में कहा था कि मेले का मतलब है मेल-जोल बढ़ाना और ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट, उद्योगपतियों-निवेशकों-उद्यमियों और सरकार व रदेशवासियों के बीच मेल-जोल बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। भोपाल में पहली बार आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश दुनिया के प्रमुख उद्योगपति, निवेशक, यंग इन्नोवेटर, जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुसार निवेश के इस महाकुंभ में पधार रहे सभी अतिथियों का स्वागत-सत्कार, भारतीय संस्कृति के 'अतिथि देवो भवः' का भाव जीआईएस में साकार हुआ।



उनका विचार था कि यह आयोजन परस्पर मेल-जोल, सद्भावना और सुखद अनुभूति के साथ हो और समिट की सुमधुर स्मृतियां, लंबे चलने वाले संबंधों का आधार बनें। अतः इस वैश्विक आयोजन में अतिथियों के आवागमन-आवास और भोजन की व्यवस्था के प्रति आरंभ से ही विशेष संवेदनशीलता रही। वैश्विक सम्मेलन में, विविधता से भरे हमारे देश के विभिन्न भागों के साथ-साथ दुनिया के लगभग 60 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। भोजन, सभी की मूल आवश्यकता है, परंतु अलग-अलग सामाजिक -सांस्कृतिक-भौगोलिक परिवेश के कारण भोजन के लिए लोगों की आदतें, रुचियां और आवश्यकताएं अलग-अलग होती हैं। विभिन्न क्षेत्रों से आए इन विशिष्ट जन के लिए भोजन की व्यवस्था एक चुनौती थी। विविधता भरे समागम में सभी के स्वाद और संतुष्टि के अनुरूप भोजन की व्यवस्था करना, एक प्रकार से अपनी दक्षता का प्रमाण देने जैसा था। भोजन हमारी संपन्नता- सांस्कृतिक विविधता और समृद्ध विरासत को अभिव्यक्त करने का माध्यम है। यह माना जाता है कि भोजन में लोगों को जोड़ने की अद्भुत क्षमता है। अच्छे स्वाद-सुगंध-स्पर्श और आकर्षक प्रस्तुतिकरण से भोजन की यह क्षमता और बढ़ जाती है। देश के दिल में बसे मध्यप्रदेश का भोजन, नए बदलावों को समरसता के साथ आत्मसात करने का प्रतीक है। स्वरुचि भोज परस्पर सौहार्द्र पैदा करने की सामर्थ्य रखते हैं।

ग्लोबल समिट के लंच डिनर सेशन, प्रदेश की संपन्नता और आत्मीय तथा सर्व समावेशी व्यवहार के प्रकटीकरण का माध्यम बने। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दिए गए भोज देश-विदेश के उद्योग समूहों को मध्यप्रदेश के करीब लाने और उनमें राज्य के प्रति रुचि विकसित करने तथा परस्पर मेल-जोल बढ़ाने में सफल रहे। वैश्विक सम्मेलन में जापान से लेकर जर्मनी और अमेरिका, आस्ट्रेलिया, अफ्रीका सहित लगभग सभी महाद्विपों के देशों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इसके साथ ही देश के विभिन्न राज्यों से आए व्यापार-उद्योग जगत के प्रतिनिधि इस समागम को विविधता से परिपूर्ण बना रहे थे। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लंच-डिनर सेशन में सबकी रुचि-संस्कृति-क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता सब के स्वाद और स्वभाव अनुसार भोजन परोसा गया। खान-पान में मध्यप्रदेश और देश के प्रमुख व्यंजनों के साथ-साथ यूरोपियन, थाई, चाइनीस डिशेज शामिल थीं। जैन फूड, वीगन, मिलेट (श्री अन्न) और ग्लूटेन फ्री आहार लेने वालों का विशेष ध्यान रखा गया। भोजन तैयार करने में प्रदेश के प्रमुख शेफ, विशेषज्ञों, कारीगरों और इस क्षेत्र की प्रतिनिधि संस्थाओं की मदद ली गई। मध्यप्रदेश के व्यंजनों में हाउस ऑफ सैलाना के रॉयल क्यूज़ीन के अंतर्गत मोती के दाने, दाल बाफले, घुइयां की सब्जी, सिंघाड़े की चाट, मुरैना की गजक, झाबुआ का मालपुआ, उज्जैन की कुल्फी, हींग कचौड़ी, रिकमज की सब्जी, इंद्रहर, महुआ का मीठा, टेथरा की रबड़ी और भोपाली गोभी मुसल्लम खास रहे। देश के विभिन्न अंचलों के व्यंजनों में अमृतसरी छोले कुलचे, बिहारी लिट्टी चोखा, दक्षिण का डोसा-उत्तपम, मेरठ की रोटियां और पराठे, बंगाली चौम चौम और केसर अंगूरी रसमलाई परोसे गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशन में हुई सत्कार व्यवस्था की देश-विदेश के अतिथियों ने सराहना की।

## एकसाथ टूटा 600 कपल्स का दिल, 3 दिन बाद थी शादी...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले से ऐसा मामला सामने आया है। जिसे पढ़कर आप चौंक जाएंगे। 600 कपल्स अपनी शादी के सपने देख रहे थे। अचानक ही एक आदेश आया और उनके सपनों पर पानी फिर गया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत होने वाले कार्यक्रम को कैंसिल करते हुए अगले महीने शिफ्ट कर दिया गया है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह का परसिया में 7 मार्च को आयोजन होना था। इसके लिए करीब 600 कपल्स ने रजिस्ट्रेशन करवाए थे। एक सरकारी आदेश आते ही कपल्स के सपने चूर-चूर हो गए। शादी की परंपराएं शुरु कर दी गई थी। कार्ड भी बांटे जा चुके थे। अचानक तीन पहले शादी के कार्यक्रम को कैंसिल कर दिया। इससे कपल्स में जमकर आक्रोश देखने मिला। अचानक परसिया विधायन सोहन वाल्मिक भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने कहा कि शादी सबसे बड़ा सपना होता है। लड़के-लड़कियों की भावनाओं से खिलवाड़ करना अच्छी बात नहीं है। अगले विवाह सम्मेलन को स्वीकार नहीं करेंगे। इस मामले को लेकर जन आंदोलन करेंगे। सामूहिक विवाह सम्मेलन स्थगित होने के विरोध में 7 मार्च को परासिया विधायक की मौजूदगी में मां सिद्धेश्वरी मंदिर से रैली निकाली जाएगी। फिर एसडीएम कार्यालय में धरना देकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## हाईकोर्ट ने कहा मप्र में पुष्पा फिल्म की तरह तस्कर

◆53 तरह के पेड़ काटने की अनुमति का नोटिफिकेशन रद्द

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी। जैसे पुष्पा फिल्म में तस्कर, विधायक और अधिकारी सिंडिकेट चलाते हैं ठीक उसी तरह की स्थिति मध्यप्रदेश में भी है।**



ये तल्ख टिप्पणी की है एमपी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली लार्जर बैंच ने। 53 तरह के पेड़ों की कटाई को अनुमति देने वाले सरकार के नोटिफिकेशन के खिलाफ 2019 में दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सहित हाईकोर्ट के 3 जजों की लार्जर बैंच ने मध्यप्रदेश में जंगलों की अवैध कटाई को लेकर सरकार की नीतियों को आड़े हाथों लिया। हाईकोर्ट ने 24 सितंबर 2019 को जारी वो नोटिफिकेशन भी रद्द कर दिया है, जिसमें सरकार ने 53 तरह के पेड़ों की कटाई और उनकी लकड़ियों के परिवहन को सरकारी अनुमति से छूट दे दी थी। मामले पर कोर्ट ने 100 पन्नों का फैसला सुनाया। बता दें कि इंदौर निवासी विवेक कुमार शर्मा ने 2019 में इंदौर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने मामले पर 9 जनवरी 2025 को सुनवाई करते हुए फैसला रिजर्व रखा लिया था। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में साल 2019 में इंदौर के सीसीएफ द्वारा पीसीसीएफ को लिखे गए पत्र का भी हवाला दिया है, जिसमें कहा गया था कि 53 तरह के पेड़ों को कटाई की छूट देने से जंगलों में तेजी से कटाई हो रही है, जो वन भूमि को बंजर कर देगी। विवेक कुमार शर्मा सहित कई लोगों ने यह याचिका दायर की थी। कोर्ट ने कहा कि पुष्पा फिल्म में तस्करों और व्यापारियों का सिंडिकेट इतना दबदबा बनाने लगता है जिससे पुलिस, वन विभाग और विधायकों तक सरकार का कोई भी हिस्सा इससे अछूता नहीं रह पाता। हाईकोर्ट ने सुनवाई में कहा है कि ये दिखाता है कि कैसे अवैध लकड़ी का व्यापार करने वाले राक्षस-माफिया घने जंगलों में घुस सकते हैं और सरकारी मशीनरी से मिलीभगत करके जंगलों की संपदा को लूट सकते हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि कार्यपालिका भी ऐसे सिंडिकेट के आगे झुक जाती है। मध्यप्रदेश में भी यही स्थिति है। सरकार जंगलों की ट्रस्टी और संरक्षक होती है। ऐसे में जंगलों की सुरक्षा करना उसकी जिम्मेदारी है।

## 7 मंजिला इमारत के फ्लैट में ब्लास्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** सात मंजिला इमारत के एक फ्लैट में ब्लास्ट हो गया। फ्लैट की दीवार गिर गई। देवर और भाभी घायल हो गए। ब्लास्ट पहली मंजिल पर फ्लैट नंबर एल-1 में देर रात करीब दो बजे हुआ। इसकी चपेट में पूरी इमारत आ गई। 100 मीटर दूर तक के दरवाजे उखड़ गए। दो लिफ्ट टूट कर नीचे आ गिरीं। एल-2 और एल-3 फ्लैट भी पूरी तरह डैमेज हो गए। हालांकि, उनमें कोई नहीं था। जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फ्लैट रंजना राणा (जाट) का है। ब्लास्ट के वक्त रंजना और उसका देवर अनिल जाट फ्लैट में ही थे। दोनों गंभीर रूप से घायल हुए हैं। द लेगेसी प्लाजा में रंजना (34) और उसके पति संजीव जाट के नाम पर दो फ्लैट हैं। संजीव गांव में रहता है। रंजना अपने दो बच्चों अभिषेक (14) और सोनम (8) के साथ इसी बिल्डिंग में 7वें फ्लोर पर बने फ्लैट में रहती है।

## नीट के छात्र ने मां को मार डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट, एजेंसी।** शहर के वारासिवनी में नीट की तैयारी कर रहे एक छात्र ने अपने माता-पिता पर सब्बल से हमला कर दिया। मंगलवार शाम करीब 7 बजे मां की मौत हो गई। पिता की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें अब तक होश नहीं आया है। मृतका प्रतिभा कटरे का बुधवार सुबह 11 बजे अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के मुताबिक सोमवार को देर रात तक मोबाइल देखने से मना करने पर सत्यम कटरे (20) माता-पिता से नाराज था। गुस्से में उसने दोनों पर हमला कर दिया। वारासिवनी एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने बताया कि बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीओपी ने बताया-बेटे ने पहले पिता को सब्बल मारी थी। मां बीच बचाव करने आई तो उन्हें भी मार दिया। आरोपी दो दिन से गुमसुम है। अब वह माता-पिता की फोटो देखने के लिए मांग रहा है।

## मप्र में भी कम हो सकते हैं पेट्रोल के दाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** हाल ही में छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के बजट 2025-26 में पेट्रोल की कीमत में 1 रुपए प्रति लीटर की कटौती की घोषणा की है। यह कदम प्रदेशवासियों को ईंधन की बढ़ती कीमतों से राहत देने के उद्देश्य से उठाया गया है। इस घोषणा के बाद राजधानी रायपुर में पेट्रोल की कीमतें 100.45 रुपए प्रति लीटर से घटकर 99.45 रुपए प्रति लीटर हो जाएंगी। छत्तीसगढ़ में पेट्रोल की कीमतों में इस कमी के बाद, अब पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश में भी ऐसी ही राहत की उम्मीद जागी है। बता दें कि मध्य प्रदेश में पेट्रोल की औसत कीमत 107.33 रुपए प्रति लीटर है, जो छत्तीसगढ़ की तुलना में बहुत ज्यादा है। राज्य की राजधानी भोपाल में पेट्रोल की कीमत 106.52 रुपए प्रति लीटर है। पेट्रोल की कीमतों में कमी लाने के लिए राज्य सरकारें वैट (मूल्य वर्धित कर) और अन्य करों में कटौती कर सकती हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने बजट में ऐसा ही कदम उठाया है, जिसका फायदा राज्य के लोगों को मिला है। मध्य प्रदेश में भी पेट्रोल की कीमतों में कमी लाने के लिए राज्य सरकार अपने बजट 2025-26 में वैट में कटौती पर विचार कर सकती है। हालांकि, इस संबंध में अभी तक राज्य सरकार की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

## संपादकीय

# चार गुना तक बढ़ जाएगी लोड कैरिंग कैपेसिटी

करगिल एयरस्ट्रिप पर पहली बार इंडियन एयरफोर्स का सी-17 ग्लोब मास्टर एयरक्राफ्ट उतरा। सूत्रों के मुताबिक बुधवार को इसकी पहली ट्रायल लैंडिंग की गई जो सफल रही। यह एक बड़ी उपलब्धि इसलिए है क्योंकि इससे एयरफोर्स की लोड कैरिंग कैपेसिटी (वजन ले जाने की क्षमता) चार गुना से भी ज्यादा बढ़ जाएगी। लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के पास सेना की कई पोस्ट तक सैनिक और सामान पहुंचाने के लिए अब ज्यादा आसानी होगी। जब बर्फबारी होती है तो कई महीनों तक सड़क मार्ग बंद होने से एयरफोर्स के एयरक्राफ्ट ही सामान, सैन्य सामान और सैनिक पहुंचाने का एकमात्र जरिया होते हैं। अब तक करगिल एयरस्ट्रीप पर एन-32 और सी-130 एयरक्राफ्ट के जरिए ही लोड पहुंचाया जाता रहा है। एन-32 करीब 4-5 टन वजन ले जा सकता है और सी-130 करीब 6-7 टन वजन ले जा सकता है। लेकिन सी-17 ग्लोब मास्टर की लोड कैरिंग कैपेसिटी 25 टन से ज्यादा है और सर्दियों में यह कैपिसिटी 35 टन तक होती है। जो सामान पहुंचाने के लिए सी-130 को जहां चार चक्कर लगाने पड़ते वहीं सी-17 से वह एक चक्कर में ही हो जाएगा। सूत्रों के मुताबिक अभी दिन के वक्त ही सी-17 की लैंडिंग का ट्रायल हुआ है, इसलिए शुरु में इसे दिन को वक्त ही इस्तेमाल किया जा सकेगा। पिछले साल जनवरी में इंडियन एयरफोर्स ने अपने ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट सी-130 को पहली बार रात के वक्त कारगिल एयरस्ट्रिप पर उतारा था। तब पहली बार करगिल में कोई फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट रात के वक्त उतरा था और तब इस एक्सरसाइज के दौरान टेरेन मास्किंग का काम करते हुए गरुड़ कमांडो को भी तैनात किया गया था। टेरेन मास्किंग का मतलब है कि टेरेन यानी पहाड़, जंगल जैसी प्राकृतिक चीजें का इस्तेमाल दुश्मन के रडार से बचने के लिए करना। इससे दुश्मन की रडार के पकड़ में आए बिना सैनिकों की तैनाती की जा सकती है और वे अपने ऑपरेशन को अंजाम दे सकते हैं।

## धर्म-कर्म

# रंग पंचमी कब है

## जानें इस दिन का महत्व शुभ मुहूर्त और पूजाविधि



होली का रंग खेलने के 5 दिन बाद एक बार फिर से श्रीपंचमी यानी कि रंग पंचमी के दिन रंग और गुलाल खेलने की परंपरा है। इस साल रंग पंचमी 19 मार्च को है। इस दिन रंगों से भरा त्योहार रंग पंचमी फिर मनाया जाता है और इस दिन पूरे ब्रज की भूमि एक बार फिर से रंगों से सराबोर हो जाती है। होली और रंग पंचमी दोनों ही रंगों से जुड़े त्योहार हैं, लेकिन इनका महत्व अलग है। होली पर लोग एक-दूसरे पर रंग-गुलाल लगाकर प्यार और भाईचारा बढ़ाते हैं। रंग पंचमी पर रंगों से देवी-देवताओं की पूजा की जाती है। आसमान में उड़ाए गए रंगों से देवता खुश होते हैं और अपना आशीर्वाद बनाए रखते हैं। ऐसी मान्यता है कि होली आपसी प्रेम का, जबकि रंग पंचमी देवी-देवताओं की आराधना का त्योहार है। रंग पंचमी पर गुलाल को हवा में उछालकर देवताओं को अर्पित किया जाता है। इससे देवता प्रसन्न होते हैं और कृपा बरसाते हैं। आइए देखते हैं रंग पंचमी पर अपने घर पर कैसे की जाती है पूजा, साथ ही यह भी जानें कि यह शुभ तिथि कब से कब तक है।

### रंग पंचमी का शुभ मुहूर्त

रंग पंचमी 19 मार्च को मनाई जाएगी। चैत्र महीने के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि 18 मार्च रात 10 बजकर 9 मिनट बजे शुरू होगी। यह 20 मार्च रात 12 बजकर 37 मिनट पर होगी। उदया तिथि के अनुसार, रंग पंचमी 19 मार्च को ही मनाई जाएगी। मतलब जिस दिन सूर्योदय के समय पंचमी तिथि हो, उसी दिन त्यौहार मनाया जाता है। इसलिए 19 मार्च को रंगों का यह दूसरा पर्व मनाया जाएगा।

### रंग पंचमी का महत्व

रंग पंचमी को लेकर ऐसी मान्यता है इस दिन श्रीकृष्ण और राधा रानी ने होली मनाई थी। स्वर्ग से देवी-देवता भी इस दिन फूलों की वर्षा करते हैं। इसलिए रंग पंचमी पर अबीर-गुलाल उड़ाने की परंपरा है। पंचमी के दिन रंगों का उत्सव दैवीय शक्तियों को प्रसन्न करता है। इससे लोगों के कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सुख-शांति आती है। इस दिन की दैवीय कृपा से घर में समृद्धि बनी रहती है। यह त्योहार खुशियां और सकारात्मकता लाता है। रंग पंचमी का त्योहार हमें आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। रंग पंचमी के दिन लक्ष्मी माता और राधा रानी की प्रतिमा पर गुलाल अपर्ति करने से आपके घर में संपन्नता बढ़ती है और मां लक्ष्मी का आगमन होता है।

रंग पंचमी की पूजाविधि रंग पंचमी पर धन और समृद्धि के लिए लक्ष्मी-नारायण की पूजा का विशेष महत्व है। इस दिन कमल के फूल पर विराजमान लक्ष्मी नारायण भगवान की तस्वीर को अपने घर की उत्तर दिशा में स्थापित करें। साथ ही जल से भरा लोटा भी रखें। गाय के घी का दीपक जलाएं और लाल गुलाब के फूल चढ़ाएं। आसन पर बैठकर 'ॐ श्रीं श्रीये नमः' मंत्र की तीन माला जाप करें। भोग के लिए गुड़ और मिश्री अर्पित करें। ऐसा करने से लक्ष्मी-नारायण प्रसन्न होते हैं और भक्तों पर कृपा बरसाते हैं। रंग पंचमी के दिन यह पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि आती है। विधि-विधान से पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मंत्रों के जप से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। गुड़ और मिश्री का भोग प्रसाद के रूप में ग्रहण करें।

# होलिका दहन कब होगा? जानें भद्रा व पूर्णिमा का समय

हर साल पंचांग की मानें तो होली का त्योहार फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। होलिका दहन के समय भद्रा का समय खासतौर पर देखा जाता है। होलिका दहन की परंपरा पुरानी है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। भद्रा को अशुभ माना जाता है और इसकी अवधि में किसी भी शुभ कार्य को करने से बचने की सलाह दी जाती है। इस बार फाल्गुन पूर्णिमा पर भद्रा का साया होने के कारण होलिका दहन का शुभ समय रात के मध्य में रहेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, भद्रा काल में होलिका दहन अशुभ माना जाता है।

### होलिका दहन कब होगा? जानें भद्रा व पूर्णिमा का समय

भद्रा का साया और पूर्णिमा तिथिः ऋषिकेश पंचांग के अनुसार, फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि 13 मार्च को सुबह 10 बजकर दो मिनट पर लग जाएगी। इस दिन भद्रा का साया भी रहेगा, जो रात 10 बजकर 44 मिनट पर समाप्त होगा।

**पूर्णिमा तिथि का आरंभ-** 13 मार्च रात 10:02 बजे

**भद्रा समाप्ति-** 13 मार्च को रात 10:44 बजे तक। मध्य रात्रि के बाद शुभ मुहूर्त की अवधि 1 घंटा 4 मिनट रहेगी।



**होलिका दहन का शुभ मुहूर्तः** 13 मार्च रात 10:44 बजे के बाद, मध्य रात्रि में केवल 1 घंटा 4 मिनट का समय रहेगा।

**विधि-** पूजा करने के बाद होलिका की परिक्रमा करें और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करें।

**ज्योतिषाचार्यों की राय-** पंडित पुरेंद्र उपाध्याय के अनुसार, भद्रा के दौरान होलिका दहन करने से अशुभ फल मिल सकते हैं। इसलिए यह सलाह दी जाती है कि शुभ मुहूर्त में ही होलिका दहन करें।

**कब है रंगों वाली होलीः** होलिका दहन के अगले दिन रंगों का पर्व होली मनाया जाता है। इस बार होली 14 मार्च शुक्रवार को धूमधाम से मनाई जाएगी।

New Delhi

# बिहार में 40 किमी की रफ्तार से आएगा तूफान यूपी सहित इन 14 राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी** नॉर्थ-ईस्ट असम और उसके आस-पास एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। इसके कारण मौसम का मिजाज बदल सकता है। इसके अलावा, एक नया पश्चिमी विक्षोभ 9 मार्च से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में प्रभाव डालने की संभावना है। यह पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के उत्तर में स्थित चक्रवाती परिसंचरण है, जो समुद्र तल से 3.1 किलोमीटर ऊपर और लगभग 72E देशांतर से उत्तर में 30N अक्षांश के आस-पास एक टर्फ के साथ है। यह विक्षोभ अब पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा में स्थानांतरित हो गया है।

पिछले 24 घंटों में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर



प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और उत्तर महाराष्ट्र में उत्तर-पश्चिम दिशा से तेज हवाएं चलीं। इसके कारण इन राज्यों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, जम्मू-कश्मीर, गिलगिट, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में हल्की बारिश और बर्फबारी हुई। असम में भी हल्की बारिश हुई।

अगले 24 घंटों में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, विदर्भ, राजस्थान, गुजरात और उत्तर महाराष्ट्र में उत्तर-पश्चिम दिशा से तेज हवाएं चलती रहेंगी और इसके बाद वे धीरे-धीरे कम हो जाएंगी। पूर्वी असम और अरुणाचल प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

Bihar

## रील बनाने के चक्कर में नहर में जा गिरी स्कॉर्पियो, कार में सवार तीन युवकों की तलाश जारी



**अहमदाबाद, एजेंसी** गुजरात के अहमदाबाद के सरखेज स्थित फतेहवाड़ी नहर में एक स्कॉर्पियो कार जा गिरी. कार जब कैनाल में गिरी तब उसके अंदर तीन युवक मौजूद थे. कैनाल में डूबे तीनों युवकों की तलाश जारी है. बताया जा रहा है कि, रील बनाने के चक्कर में स्कॉर्पियो कार बेकाबू हुई और नहर में जा गिरी.

स्कॉर्पियो जैसे ही कैनाल में गिरी उसके तुरंत बाद वहां मौजूद दूसरे दोस्तों ने रस्सी डालकर तीनों युवकों को बचाने की कोशिश की वे लेकिन असफल रहे. जिसके बाद आसपास के स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हुए. नहर में स्कॉर्पियो कार गिरने और तीन युवकों के डूबने की जानकारी फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी गई और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ.सरखेज स्थित फतेहवाडी कैनाल पर रेस्क्यू के लिए पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के द्वारा स्कॉर्पियो गाड़ी को बाहर निकालकर गाड़ी में मौजूद तीनों युवकों की तलाश शुरू की गई है.

अहमदाबाद के एच डीविजन ट्रैफिक पुलिस की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक शाम 4:30 बजे के आसपास जीजे 01 डब्ल्यु 3214 नंबर की स्कोर्पियो कार 4 घंटे के लिए 3500 रुपए चुकाकर रील बनाने के लिए हृदय, ध्रुव और ऋतायु ने किराए पर ली हुई थी. स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर जब तीनों वासना बैरेज पहुंचे तब वहां पहले से ही उनके 4 दोस्त विराजसिंह, यक्ष, यश और क्रिश वहीं मौजूद थे.

Gujrat

## आसाराम-नारायण साईं का कट्टर अनुयायी यूपी से अरेस्ट

**सूरत, एजेंसी** पिछले दस सालों से फरार आसाराम और उसके बेटे नारायण साईं का कट्टर अनुयायी ताम्रध्वज उर्फ तामराज आखिरकर 10 सालों बाद गुजरात पुलिस की पकड़ में आ गया। आरोपी आसाराम के खिलाफ आवाज उठाने वाले कई लोगों की हत्या और जानलेवा हमलों के मामले में 6 राज्यों में वॉन्टेड था। इतना ही नहीं, उस पर हरियाणा सरकार ने 50 हजार रुपए का इनाम भी रखा है। सूरत पुलिस कमिश्नर अनूप सिंह गहलोत ने बताया कि सूरत क्राइम ब्रांच ने तामराज को यूपी के नोएडा से गिरफ्तार किया है। आरोपी की गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। दरअसल, आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए धर्म परिवर्तन कर लिया था। अब वह स्टीफन नाम से नोएडा में एक मिशनरी में रह रहा था।इतना ही नहीं, तामराज ने जेल में आसाराम और नारायण साईं से मिलने की भी कई बार कोशिश की, लेकिन पकड़े जाने के डर से हर बार नाकाम रहा। वह आसाराम और उसके बेटे नारायण साईं का इतना कट्टर समर्थक था कि उनके खिलाफ आवाज उठाने वाला हर शख्स उसके निशाने पर होता था।

Uttarpradesh

## राहुल गांधी पर 200 रुपए जुर्माना

**लखनऊ, एजेंसी** लखनऊ के कोर्ट ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 200 रुपए का जुर्माना लगाया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (ACJM) कोर्ट ने लगातार पेशी से गायब रहने पर जुर्माना लगाया। साथ ही चेतावनी दी कि 14 अप्रैल 2025 को अदालत में हाजिर हों, यदि वे इस तारीख को भी पेश नहीं होते हैं तो कठोर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।



शिकायतकर्ता नृपेंद्र पांडेय के अनुसार, राहुल गांधी ने 17 दिसंबर 2022 को महाराष्ट्र के अकोला में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर पर विवादित बयान दिया था। उन्होंने सावरकर को 'अंग्रेजों का नौकर' और 'पेंशन लेने वाला' कहा था। शिकायतकर्ता ने कहा- यह बयान समाज में वैमनस्य और घृणा फैलाने की मंशा से दिया गया था। इतना ही नहीं, प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहले से तैयार पर्चे भी पत्रकारों के बीच वितरित किए गए थे। इस बयान को लेकर भारतीय दंड संहिता की धारा 153(ए) और 505 के तहत मामला दर्ज करने की मांग की गई थी।

खेल

## दक्षिण अफ्रीका पर फिर भारी पड़े कीवी, आईसीसी वनडे टूर्नामेंट के नॉकआउट में तीसरी बार हराया

**लाहौर, एजेंसी** न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 50 रन से हराकर सेमीफाइनल मैच अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ मिचेल सैंटनर के नेतृत्व वाली टीम ने फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब टीम का सामना नौ मार्च (रविवार) को चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत से होगा। यह मैच दुबई में खेला जाएगा। बुधवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने रचिन रवींद्र और केन विलियमसन की शतकीय पारियों की बदौलत 50 ओवर में छह विकेट खोकर 362 रन बनाए। यह चैंपियंस ट्रॉफी की पहली पारी का सर्वोच्च टोटल है। जवाब में दक्षिण अफ्रीका निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर 312 रन बना सकी। उनके लिए डेविड मिलर ने नाबाद शतक जड़ा। टेम्बा बावुमा के नेतृत्व वाली टीम सेमीफाइनल तक अजेय रही थी, जबकि न्यूजीलैंड ने तीन में से दो मैच जीते और एक में उसे हार का



सामना करना पड़ा। अच्छी लय में नजर आई दक्षिण अफ्रीका एक बार फिर बड़े मुकाबले में चोकर्स साबित हुई। उन्हें न्यूजीलैंड के सामने आईसीसी वनडे टूर्नामेंट के नॉकआउट में तीसरी बार हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले कीवियों ने विश्व कप 2011 और विश्व कप 2015 में अफ्रीकियों को मात दी थी। आईसीसी वनडे टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका का रिकॉर्ड कुछ खास नहीं रहा है। अबतक खेले 11 सेमीफाइनल मैचों में उन्हें सिर्फ एक मैच में जीत मिली है जबकि नौ मुकाबलों में मुंह की खानी पड़ी है। वहीं, एक मैच टाई रहा है। इस मामले में दूसरे स्थान पर न्यूजीलैंड है जिसने 13 में से आठ सेमीफाइनल मुकाबलों में शिकस्त दर्ज की है। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत झटके के साथ हुई थी। उन्हें पहला झटका मैट हेनरी ने रेयान रिकेल्टन के रूप में दिया जो सिर्फ 17 रन बना सके। इसके बाद मोर्चा कप्तान टेम्बा बावुमा और रासी वान डर डुसेन ने संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 105 गेंदों में 105 रनों की साझेदारी हुई। मिचेल सैंटनर ने बावुमा को केन विलियमसन के हाथों कैच कराया। वह 71 गेंदों में 56 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, डुसेन चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 69 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद टीम को एक अच्छी साझेदारी की जरूरत थी, लेकिन उनका मध्यक्रम ताश के पत्तों की तरह बिखरता रहा। सेमीफाइनल मैच में डेविड मिलर ने 67 गेंदों में 100* रन बनाए। यह उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का सातवां वनडे शतक है। उनके अलावा एडन मार्करम ने 31, हेनरिक क्लासेन ने तीन, वियान मुल्डर ने आठ, मार्को यानसेन ने तीन, केशव महाराज ने एक, कगिसो रबाडा ने 16 और लुंगी एनगिडी ने एक* रन बनाया। कीवियों के लिए मिचेल सैंटनर ने तीन विकेट लिए जबकि मैट हेनरी और ग्लेन फिलिप्स ने दो-दो विकेट झटके इसके अलावा माइकल ब्रेसवेल और रचिन रवींद्र को एक-एक सफलता मिली।

सिनेमा

## शाहिद कपूर की इस दमदार फिल्म का बनेगा सीक्वल, पहले पार्ट में सेंसर बोर्ड ने लगाए थे 80 से ज्यादा कट्स



साल 2016 में शाहिद कपूर और आलिया भट्ट की फिल्म उड़ता पंजाब रिलीज हुई थी। यह फिल्म जब रिलीज हुई थी तो इसे लेकर खूब विवाद हुआ था। फिल्म पर पंजाब राज्य की छवि खराब करने का आरोप भी लगा था। फिल्म की रिलीज से पहले सेंशर बोर्ड ने फिल्म में करीब 80 से ज्यादा कट्स लगाने को कह दिया था। फिल्म जब रिलीज हुई तो लोगों को काफी पसंद आई। फिल्म में शाहिद और आलिया की परफॉर्मेंस देखकर हर कोई हैरान रह गया था। अब फिल्म के सीक्वल की बात हो रही है। पीपिंग मून की खबर के मुताबिक एकता कपूर इस फिल्म के सीक्वल पर काम कर रही हैं। उन्होंने आकाश कौशिक को फिल्म लिखने और डायरेक्ट करनी की जिम्मेदारी दी है। हालांकि, ये जानकारी आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आई है। रिपोर्ट्स की मानें तो एक बार स्क्रिप्ट फाइनल होने के बाद एक्टर्स को अप्रोच किया जाएगा। एकता कपूर सीक्वल में भी शाहिद कपूर को कास्ट करना चाहती हैं। उन्होंने शाहिद कपूर से शुरुआती बातचीत भी की है, लेकिन दोनों के बीच आधिकारिक तौर पर बातचीत होना अभी बाकी है। फिल्म के सीक्वल की स्टोरीलाइन नई हो सकती है। वहीं, पहले पार्ट के डायरेक्टर अभिषेक चौबे किसी भी तरह से फिल्म के सीक्वल का हिस्सा नहीं होंगे।

## Highlights

1. I made you CM twice: Tejashwi on Nitish's 'I made Lalu' remark
2. No proof of Munde's interference in murder case probe: Maha CM
3. History writers did injustice to Chhatrapati Sambhaji: Maha CM
4. 11 unregistered madrasas sealed in Dehradun
5. Bihar man dies in landslide in U'khand's Chamoli, bridge damaged

# Mukesh Ambani, daughter Isha overseeing job, cost cuts at Reliance Retail to push valuation to $125 billion: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Reliance Industries Chairman Mukesh Ambani is overhauling Reliance Retail Ventures, the retail unit of his sprawling business empire, in a bid to make the company reach $125 billion in valuation, Bloomberg reported.

Asia's richest man Mukesh Ambani, along with his daughter Isha Ambani, is overseeing cuts to jobs and costs, people with knowledge of the matter told Bloomberg, asking not to be named. These efforts include, but are not limited to, limiting physical store expansion, reigning in marketing budgets, merging Reliance Brands with Reliance Retail and reviewing global brand partnerships.

The overhaul comes after brokerages estimated the company's valuation at $50 billion, which is half the amount at which it last raised



money two years ago.

Ambani recently acknowledged to investors that Reliance Retail had grown too big too quickly as a result of aggressive expansion across formats and geographies, according to Bloomberg. The hiring of employees above a certain pay scale also now requires approval from the chairman's office, the people added.

The overhaul of Reliance Retail will help the company tackle competition from Tata Group, Amazon and other quick commerce platforms. The firm is also betting on slimmer operations to help weather a broader consumption slowdown in the economy.

Reliance Retail is hoping for a valuation of $125 billion via an initial public offering (IPO). The fresh issue is expected to be a dilution of around 5% stake, which means early investors will get little room for an exit via the IPO.

# Kolkata's South City Mall on sale? One of India's biggest landlords nearing ₹3,500 crore deal

**NEW DEIHI, (Agency).** One of India's largest landlords Blackstone is in talks to buy one of Kolkata's most famous malls, South City Mall, for as much as $400 million (about ₹3,500 crore), Bloomberg reported.

The mall, owned by South City Projects, is located on Prince Anwar Shah Road and is the largest shopping mall in East India, according to its website. South City Projects is a joint venture of several real estate developers based in Kolkata.

It hosts outlets of brands like Zara, Sephora and Marks & Spencer in addition to movie theatres and a gaming arena. It



has a gross leasable area of about 800,000 square feet. With service areas and car parks, the mall is spread over 1.1 million square feet

Blackstone, which has deployed $20 billion in office space and hotels in India, is reportedly talking to financiers to arrange for funding for the transaction.

The $1.1-trillion asset manager is looking to utilise consumer spending, which is responsible for nearly 60% of India's gross domestic product. Blackstone has been investing in warehouses that capture the boom in e-commerce and the mall acquisition would extend that to brick-and-mortar stores.

If the deal is finalised, it would mark the first purchase of a retail mall by Blackstone in Kolkata.

Blackstone was founded in 1985 as a mergers and acquisitions firm by Peter G Peterson and Stephen A Schwarzman, who had previously worked together at Lehman Brothers.

# निगम को मिली 6 नई गार्बेज कलेक्शन गाड़ियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। नगर निगम को बुधवार को 6 गार्बेज कलेक्शन गाड़ियां मिली। नेहरू पार्क स्थित स्मार्ट सिटी ऑफिस कैंपस में इन गाड़ियों को सजाया गया। नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने स्वास्तिक बनाकर गाड़ियों पर फूलमाला चढ़ाई और हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया।



ये गाड़ियां एक गैस कंपनी ने सीएसआर के अंतर्गत नगर निगम इंदौर को प्रदान की है। सभी 6 गाड़ियां सीएनजी से संचालित होंगी। आयुक्त ने गाड़ियां देखकर वहां मौजूद चालकों से कहा कि, वे इनका अच्छी तरह से रखरखाव करें। साथ ही उन्होंने पूछा, 'क्या गाड़ियां चलाकर देखी गई हैं?' नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि, एक गैस कंपनी ने अपने सीएसआर के तहत 6 डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्शन वाहन दिए हैं। इससे पहले भी कंपनी ऐसे वाहन दे चुकी है। सीएनजी से संचालित इन गाड़ियों का संचालन नगर निगम द्वारा किया जाएगा। इन्हें शहर में कचरा कलेक्शन के काम में इस्तेमाल किया जाएगा। आयोजन के दौरान नगर निगम आयुक्त वर्मा ने गाड़ियों पर स्वास्तिक बनाया और फूलमाला चढ़ाई। इस दौरान उपस्थित चालकों को गाड़ियों की चाबियां सौंपी गईं। इसके बाद अधिकारियों की मौजूदगी में निगम कर्मियों ने हरी झंडी दिखाकर गाड़ियों को रवाना किया। कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित गैस कंपनी के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जनता को भिखारी कहने वाले बयान का विरोध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान वाले मामले में इंदौर में कांग्रेस नेता ने फोटो पर उनकी जुबान बनाकर रीगल चौराहे पर लगा दी। जिस पर उन्होंने लिखा है वोट लेने से पहले जनता भगवान। वोट लेने के बाद जनता भिखारी। पोस्टर को देखकर यहां से गुजरने वाले भी आश्चर्य में पड़ गए। जिला कांग्रेस सेवादल के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल और गिरीश जोशी ने पोस्टर रीगल चौराहे पर लगाया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल ने जिस तरह मध्यप्रदेश की सात करोड़ जनता को भिखारी बताया है वह काफी निंदनीय है। उन्होंने कहा कि प्रह्लाद पटेल का यह कहना है कि मध्यप्रदेश की जनता अपनी समस्याओं अपनी मांगों को लेकर भिखारी की तरह हर कार्यक्रम में आ जाती है। जिस तरह का उनका बयान है उससे साफ जाहिर है कि भारतीय जनता पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व मध्यप्रदेश की 7 करोड़ जनता को मतदाताओं को जिस लोकतंत्र में मतदाता भगवान होता है, उसे भिखारी बताकर अपमानित किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि मंत्री प्रह्लाद पटेल माफी मांगने की जगह यह कह रहे है कि मैंने जो कहा सही कहा यह दर्शाता है कि वे कितने अहंकारी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक